दैनिक भास्कर बुरहानपुर 29-10-2025

# नेपानगर लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता मार्च, होंगी विभिन्न गतिविधियां आयोजित

## अफसरों व कर्मचारियों ने की भागीदारी, सीएमडी के नेतृत्व में हुआ आयोजन

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस वर्ष की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी के संदेश के साथ सोमवार को संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में सतर्कता मार्च का आयोजन हुआ।

पैदल मार्च का नेतृत्व सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा ने किया। यह मार्च प्रशासनिक कार्यालय से प्रारंभ होकर कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक तक पहुंचा। अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के प्रति अपना संकल्प दोहराया।



नगर में सतर्कता जागरूकता मार्च निकाला गया।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा के मार्गदर्शन में पूरे सप्ताह विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सतर्कता नारा प्रतियोगिता, नगर के शासकीय कार्यालयों में सत्यनिष्ठा शपथ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सतर्कता सप्ताह का समापन 2 नवंबर को होगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। पैदल मार्च में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक मैकेनिकल महेंद्र केशरी, प्रबंधक वित्त संजीव कानडे, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, प्रबंधक मैकेनिकल विजय चौधरी, प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक अनुरक्षण सुनील कुलथे और पिंटू कुमार, उप प्रबंधक सतर्कता विजेंद्र चौधरी, तकनीकी सचिव सीएमडी प्रशांत सोनी, सहायक प्रबंधक डीआईपी चिराग चौधरी मौजूद थे।

**सतर्कता जागरूकता सप्ताह** — अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

# सर्तकता सुरक्षा सप्ताह के तहत निकाली गई रैली

## ली सत्यनिष्ठा और ईमानदारी शपथ



रैली निकालते हुए।

● नेपानगर / राज न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया गया। संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय परिसर से एक सतर्कता जागरूकता मार्च का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा, विशिष्ट सेवा पदक ने किया। मार्च प्रशासनिक कार्यालय से प्रारंभ होकर कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक तक पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा के मार्गदर्शन में पूरे सप्ताह विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें शालेय विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए सतर्कता नारा प्रतियोगिता तथा नगर के शासकीय कार्यालयों में सत्यनिष्ठा शपथ दिलाने जैसे आयोजन शामिल हैं। मार्च में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक मैकेनिकल महेंद्र केशरी, प्रबंधक वित्त संजीव कानडे, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन मनीषकांत शर्मा, प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक अनुरक्षण सुनील कुलथे एवं पिंटू कुमार, उप प्रबंधक सतर्कता विजेन्द्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

पत्रिका
खंडवा, बुधवार, 29 अक्टूबर , 2025

**नेपा लिमिटेड में सतर्कता जागरूकता मार्च, सीएमडी के नेतृत्व में हुआ आयोजन**

# सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी के संदेश के साथ निकाला मार्च

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी के संदेश के साथ सोमवार को संस्थान के प्रशासनिक कार्यालय परिसर में सतर्कता मार्च का आयोजन हुआ।

पैदल मार्च का नेतृत्व सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा पदक ने किया। यह मार्च प्रशासनिक कार्यालय से प्रारंभ होकर कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्मारक तक पहुंचा। अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के प्रति अपना संकल्प दोहराया।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा के मार्गदर्शन में पूरे सप्ताह विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शालेय विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिताए कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सतर्कता नारा प्रतियोगिताए तथा नगर के शासकीय कार्यालयों में सत्यनिष्ठा शपथ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सतर्कता सप्ताह का समापन 2 नवंबर को होगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। पैदल मार्च में उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक मैकेनिकल महेंद्र केशरी, प्रबंधक वित्त संजीव कानडे, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक इंस्ट्रुटेशन मनीषकांत शर्मा, प्रबंधक मैकेनिकल विजय चौधरी, प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक अनुरक्षण सुनील कुलथे और पिंटू कुमार, उप प्रबंधक सतर्कता विजेन्द्र चौधरी, तकनीकी सचिव सीएमडी प्रशांत सोनी, सहायक प्रबंधक डीआईपी चिराग चौधरी, विभागाध्यक्ष डीआईपी देवेंद्र महोबे, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन अंकुर गोयल, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष प्रवीन सोनी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



पैदल मार्च निकला।

Shot on OnePlus | 29 October 2025 at 9:47 am